RAGHAV PRODUCTIVITY ENHANCERS LTD.
(Formerly - Raghav Ramming Mass Ltd.)

**Date: 31-07-2025**

**To,**

| | |
|---|---|
| **The BSE Limted**<br>**Phiroze Jeejeebhoy Towers**<br>**Dalal Street,**<br>**MUMBAI- 400 001**<br>**Scrip Code: 539837** | **The Listing Department**<br>**The National Stock Exchange of India Ltd.**<br>**Exchange Plaza, C-1, Block-G, Bandra-Kurla Complex, Bandra (East), Mumbai- 400051**<br>**Company Code: RPEL** |

**Sub: Intimation of submission of Newspaper Publication**

**Dear Sir/Ma'am**

With reference to the above subject, and pursuant to Regulation 30 & 47 of SEBI (Listing Obligation and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, please find enclosed copies of Newspaper advertisement for confirmation of dispatch of Notice of 16th Annual General Meeting (AGM) published on 31st July, 2025 in Financial Express (English) and Nafa Nuksan (Hindi).

You are kindly take above in your records and oblige

Thanking You

**Yours Faithfully**
**For Raghav Productivity Enhancers Limited**

Neha Rathi Digitally signed by Neha Rathi Date: 2025.07.31 11:25:02 +05'30'

**Neha Rathi**
**(Company Secretary & Compliance Officer)**
**M.No.: A38807**

## यह केवल एक Cake तो नहीं...






*प्राची धाबेल देब आर्टिस्ट हैं। इसकी बानगी तो आप चित्रों में देख लें। चित्र में नजर आ रहे केक केवल एक डैजर्ट की श्रेणी में तो नहीं रखे जा सकते क्योंकि यह तो रॉयल आइसिंग, डेकोरेटिव, एडीबल आर्टवर्क का बेजोड़ नमूना है। उनके इस मास्टरपीस क्रिएशन को बनाने में आइसिंग शुगर का यूज किया जाता है। वे अंडे का उपयोग नहीं करती हैं। एक बार मिलान कैथेड्रल से प्रेरित होकर स्ट्रक्चर बनाया और यह वर्ल्ड रिकॉर्ड रहा। इसमें हजारों एलीमेंट्स का इस्तेमाल किया गया। जब उनसे यह पूछा गया कि वे रॉयल आइसिंग टेक्निक से कैसे अट्रेक्टेड हैं कि इसमें मास्टर्स ही कर लिया। प्राची ने कहा कि रॉयल आइसिंग डेलीकेट और टाइमलैस क्वालिटी है। घंटों के प्रयोग, विफलता और सैल्फ स्टडी के बाद इसमें महारत प्राप्त हो पाई। उन्हें शुगर क्राफ्ट एक्सपर्ट स्वर्गीय सर एडी स्पेंस से सीखने का मौका मिला। वे ब्रिटेन स्थित बंकिंघम पैलेस में सेरीमोनियल केक बेक करते थे। जब वे भारत आई तो अपने सिग्नेचर स्टाइल, डीप इमोशनल कनेक्शन का वर्जन लेकर आगे बढ़ी। वीगन वर्जन उनका स्टाइल है। शताब्दी पुरानी टेक्नीक के माध्यम से वे स्टोरी टेलिंग करती हैं। उनके तीन मास्टरपीसेज ने रिकॉर्ड बनाया है। मिलान कैथेड्रल तो करीब सौ किलो का बना था। यह आर्ट, आर्किटेक्चर का बेजोड़ नमूना है। देश की कलात्मक कारीगरी, प्रसिद्ध पेंटिंग, वीविंग, हेरिटेज मॉन्यूमेंट्स आदि से वे प्रेरणा लेती है। डिजिटल टूल्स का यूज बहुत कम करती है। उनके द्वारा बनाये गये केक मैजिक क्रिएट करते हैं। केक आर्ट को इतना आगे ले जाना गौरव की बात है। उनके क्लाइंट्स जब ऑर्डर को अपने सामने देखते हैं तो उनकी आंखों की चमक सब बया कर देती है। बस यही उनके दिल के करीब रह जाता है और उन्हें प्रेरित करता है।*

# TV अब बन जाएगा आपका PC

**नयी दिल्ली@एजेंसी**




दूरसंचार सेवा प्रदाता रिलायंस जियो ने सदस्यता आधारित पर्सनल कंप्यूटर सेवा शुरू की है, जिससे ग्राहक सेट-टॉप बॉक्स की मदद से अपने टेलीविजन (TV) का इस्तेमाल पर्सनल कंप्यूटर (PC) की तरह कर सकेंगे। कंपनी की वेबसाइट पर उपलब्ध जानकारी के मुताबिक, 'जियोपीसी' सदस्यता 599 रुपये (जीएसटी को छोड़कर) से शुरू होने वाले मासिक प्लान के साथ उपलब्ध है। वार्षिक प्लान 4,599 रुपये (जीएसटी को छोड़कर) का है, जो प्रति माह लगभग 383 रुपये शुल्क है।

पीसी सेवा का इस्तेमाल करने के लिए जियोफाइबर और जियो एयर फाइबर उपयोगकर्ताओं को ऐप सेगमेंट में जियोपीसी ऐप पर क्लिक करना होगा। इस आठ जीबी रैम और 100 जीबी क्लाउड स्टोरेज वाले पर्सनल कंप्यूटर का उपयोग करने के लिए ग्राहक के पास कीबोर्ड और माउस होना जरूरी है। कंपनी के एक सूत्र ने कहा कि जियोपीसी ने एडोब के साथ साझेदारी की है, जिससे उपयोगकर्ताओं को एडोब एक्सप्रेस तक मुफ्त पहुंच मिलेगी। इस मंच की सदस्यता में सभी प्रमुख एआई टूल्स के साथ ही सभी लोकप्रिय ऐप और 512 जीबी क्लाउड स्टोरेज भी मिलेगा। जियोपीसी के एक महीने के मुफ्त परीक्षण में जियो वर्कस्पेस, माइक्रोसॉफ्ट ऑफिस (ब्राउजर) और 512 GB क्लाउड स्टोरेज शामिल है। सूत्र ने कहा कि जियोपीसी भारत की तेजी से बढ़ती डिजिटल अर्थव्यवस्था के लिए बनाया गया है जिसमें उद्यमियों से लेकर स्कूल जाने वाले बच्चों तक सभी शामिल हैं।

# इंडिया में लोकल सोर्सिंग को बढ़ाएगी डेकाथलॉन

## 2030 तक न्यू जॉब क्रिएशन बढ़ाने का टारगेट

**नई दिल्ली@एजेंसी**




ग्लोबल स्पोर्ट्स रिटेलर डेकाथलॉन ने ऐलान किया है कि वह मेक इन इंडिया नीति के तहत 2030 तक भारत में अपनी स्थानीय सोर्सिंग को बढ़ाकर 3 अरब डॉलर तक ले जाएगा। कंपनी का लक्ष्य 2030 तक अपने प्रोडक्शन इकोसिस्टम में 3 लाख से ज्यादा प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार के मौके पैदा करना है। कंपनी की ओर से जारी एक प्रेस रिलीज में कहा गया है कि भारत में उत्पादन शुरू करने की अपनी 25वीं वर्षगांठ पर डेकाथलॉन का यह निर्णय भारतीय मैन्युफैक्चरिंग पर बढ़ते फोकस का प्रतीक है। भारत वर्तमान में डेकाथलॉन के वैश्विक उत्पादों के 8 प्रतिशत की आपूर्ति करता है।

डेकाथलॉन अपने 132 भारतीय स्टोर्स के 70 प्रतिशत से ज्यादा उत्पादों की घरेलू स्तर पर ही आपूर्ति करता है और 2030 तक इसे 90 प्रतिशत तक बढ़ाने की योजना है। कंपनी ने मैन्युफैक्चरिंग नेटवर्क में 113 सुविधाएं, 83 आपूर्तिकर्ता, सात उत्पादन कार्यालय और एक डिजाइन केंद्र शामिल हैं। डेकाथलॉन इंडिया के सीईओ के अनुसार स्थानीय निर्माण में हमारी गुणवत्ता और गति ने हमें खुदरा बिक्री बढ़ाने और अधिक मेड इन इंडिया रेंज पेश करने में मदद की है। हम उत्कृष्टता को प्राथमिकता देते हैं क्योंकि हम ओमनी-चैनल शॉपिंग में विस्तार कर रहे हैं और भारतीयों के लिए खेलों को अधिक सुलभ बना रहे हैं।

डेकाथलॉन की ग्लोबल प्रोडक्शन प्रमुख ने कहा कि भारत हमारे विश्वव्यापी उत्पादन का आधार बन गया है। डेकाथलॉन 2030 तक 90 से अधिक भारतीय शहरों में उत्पादन और खुदरा व्यापार को एकीकृत करना चाहता है। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने हाल ही में सपोर्ट्स गुड्स के घरेलू निर्माण को बढ़ावा देने के लिए खेलो भारत नीति 2025 को मंजूरी दी है। भारत अब अपने खेल उत्पादों का 60 प्रतिशत निर्यात करता है। हालांकि, वैश्विक खेल उद्योग सालाना लगभग 600 अरब डॉलर का है, लेकिन भारत का वर्तमान हिस्सा मामूली है। ऐसे में इस नीति से देश के सपोर्ट निर्यात को भी बढ़ावा मिलेगा।


# जगन्नाथ इंटरनेशनल एयरपोर्ट को केंद्र की सैद्धांतिक मंजूरी मिली

**नयी दिल्ली/पीटीआई।** ओडिशा के पुरी में प्रस्तावित श्री जगन्नाथ अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे को केंद्र सरकार ने सैद्धांतिक मंजूरी प्रदान कर दी है। यह जानकारी नागर विमानन मंत्री किंजरापु राममोहन नायडू ने राज्यसभा को दी। बीजद सांसद सुभाशीष खुंटिया के प्रश्न के लिखित उत्तर में मंत्री ने बताया कि परियोजना को रक्षा मंत्रालय की अनापत्ति (एनओसी) और संबंधित हितधारकों से परामर्श के बाद सितंबर, 2023 में स्थल मंजूरी दी गई थी। इसके पश्चात मंत्रालय ने छह मई, 2025 को सैद्धांतिक मंजूरी प्रदान की। ओडिशा सरकार इस ग्रीनफील्ड हवाई अड्डा परियोजना के लिए लंबे समय से प्रयासरत है। राज्य सरकार का कहना है कि हवाई अड्डे के प्रथम चरण में इसकी अनुमानित यात्री क्षमता 46 लाख वार्षिक होगी। मंत्री के अनुसार, पर्यावरणीय स्वीकृति (ईसी) के लिए परियोजना को जून, 2025 में विशेषज्ञ मूल्यांकन समिति (ईएसी) से मंजूरी मिल गई है। नायडू ने कहा कि ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट नीति, 2008 के तहत, ऐसी परियोजनाओं को लागू करने की जिम्मेदारी — जैसे भूमि अधिग्रहण, पुनर्वास, वित्त पोषण और आवश्यक पर्यावरणीय मंजूरी प्राप्त करना — राज्य सरकार की होती है। परियोजना की समाप्ति की समयसीमा कई कारकों पर निर्भर करती है, जिनमें भूमि अधिग्रहण, स्वीकृतियां और वित्तीय समापन शामिल हैं।

# 12,000,000,000 करोड़ रुपए

# यह संख्या है गत 6 वर्ष में हुए डिजिटल ट्रांजेक्शंस की

**नई दिल्ली@एजेन्सी।** गत छह फाइनेंशियल ईयर (वित्त वर्ष 2020 से वित्त वर्ष 2025) में 65,000 करोड़ से अधिक डिजिटल ट्रांजेक्शंस हुए हैं, जिनकी वैल्यू 12,000 लाख करोड़ रुपए से अधिक रही है। यह जानकारी सरकार की ओर से संसद को दी गई। वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने लोकसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में कहा कि सरकार देश में टीयर-2 और टीयर-3 सहित डिजिटल भुगतान को अपनाने की दर बढ़ाने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई), भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई), फिनटेक कंपनियों, बैंकों और राज्य सरकारों सहित विभिन्न पक्षकारों के साथ मिलकर काम कर रही है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि आरबीआई ने टीयर-3 से टीयर-6 शहरों, पूर्वोत्तर राज्यों और जम्मू-कश्मीर में डिजिटल भुगतान स्वीकार करने वाले इन्फ्रास्ट्रक्चर को प्रोत्साहित करने के लिए 2021 में एक पेमेंट इन्फ्रास्ट्रक्चर डवलपमेंट फंड (पीआईडीएफ) की स्थापना की है। 31 मई, 2025 तक, पीआईडीएफ के माध्यम से लगभग 4.77



करोड़ डिजिटल टचपॉइंट स्थापित किए जा चुके हैं।

आरबीआई ने देश भर में भुगतानों के डिजिटलीकरण की सीमा को मापने के लिए डिजिटल पेमेंट इंडेक्स (आरबीआई-डीपीआई) विकसित किया है। इसके परिणामस्वरूप, अधिक लोग औपचारिक ऋण माध्यमों तक पहुंच पा रहे हैं, जो न केवल आर्थिक भागीदारी को सशक्त बनाता है, बल्कि अधिक संस्थाओं को औपचारिक वित्तीय इकोसिस्टम में भी लाता है। केंद्रीय मंत्री ने बताया, यूपीआई जैसे डिजिटल प्लेटफॉर्म ने छोटे विक्रेताओं और ग्रामीण उपयोगकर्ताओं सहित नागरिकों को डिजिटल भुगतान स्वीकार करने में सक्षम बनाया है, जिससे नकदी पर निर्भरता कम हुई है और औपचारिक आर्थिक भागीदारी बढ़ी है। ताजा आंकड़ों के अनुसार, सितंबर, 2024 के लिए आरबीआई-डीपीआई सूचकांक 465.33 रहा, जो देशभर में डिजिटल पेमेंट अपनाने, इन्फ्रास्ट्रक्चर और प्रदर्शन में निरंतर वृद्धि को दर्शाता है। छोटे व्यवसायों और एमएसएमई के ग्राहक आधार को बढ़ाने और दक्षता में सुधार लाने के उद्देश्य से डिजिटल भुगतान प्रणाली अपनाने में सहायता प्रदान करने के लिए सरकार, आरबीआई और भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) द्वारा समय-समय पर विभिन्न पहल की गई हैं। डिजिटल भुगतान के बढ़ते चलन ने विशेष रूप से वंचित समुदायों के लिए वित्तीय सेवाओं तक पहुंच में क्रांति ला दी है।

# अप्रैल-जून में इंडियन स्मार्टफोन मार्केट में 8% की ग्रोथ

**नई दिल्ली@आईएएनएस**

2025 की दूसरी तिमाही में भारत के स्मार्टफोन बाजार में मात्रा के लिहाज से सालाना आधार पर 8 प्रतिशत और मूल्य के लिहाज से 18 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जो फर्स्ट क्वार्टर की सुस्ती के बाद एक बड़ा उछाल दर्शाता है। यह जानकारी आई एक रिपोर्ट में दी गई। 2025 की दूसरी तिमाही में आईफोन 16 सबसे ज्यादा शिप होने वाला डिवाइस बनकर उभरा, जिसकी वजह चल रहे प्रमोशन, विस्तारित ईएमआई विकल्प और बेहतर रिटेल निष्पादन रहा, जिससे एप्पल को भारत में दूसरी तिमाही में अब तक का सबसे ज्यादा शिपमेंट दर्ज करने में मदद मिली।




काउंटरपॉइंट के मंथली इंडिया स्मार्टफोन ट्रैकर के अनुसार, यह रिकवरी नए लॉन्च में सालाना आधार पर 33 प्रतिशत की वृद्धि, एग्रेसिव मार्केटिंग और गर्मियों की सेल के दौरान मजबूत प्रदर्शन के कारण हुई, जिसमें ब्रांड खास तौर पर मिड और प्रीमियम सेगमेंट में ज्यादा छूट, आसान ईएमआई और बंडल ऑफर दे रहे थे। सीनियर रिसर्च एनेलिस्ट प्राचिर सिंह ने बताया कि 2025 की दूसरी तिमाही में भारत के स्मार्टफोन बाजार में सुधार को बेहतर व्यापक आर्थिक माहौल का भी समर्थन मिला, जिसने उपभोक्ता विश्वास और खर्च को बढ़ावा दिया। खुदरा मुद्रास्फीति छह साल के निचले स्तर पर आ गई, जिससे घरेलू बजट पर दबाव कम हुआ, जबकि केंद्रीय बैंक द्वारा रेपो दर में कटौती ने फाइनेंसिंग और अधिक सुलभ बना दिया। इसके अलावा, उन्होंने बताया कि वर्ष की शुरुआत में शुरू किए गए कर राहत उपायों ने डिस्पोजेबल इनकम और बचत में वृद्धि की, जिससे विवेकाधीन खरीदारी के लिए अनुकूल माहौल बना।

सुधरते रुझान ने अल्ट्रा-प्रीमियम (45,000 रुपए और उससे अधिक) सेगमेंट में सालाना आधार पर 37 प्रतिशत की मजबूत वृद्धि में योगदान दिया, जिससे यह सबसे तेजी से बढ़ने वाला प्राइस टायर बन गया। अल्ट्रा-प्रीमियम सेगमेंट ने भारतीय स्मार्टफोन बाजार को मूल्य के लिहाज से अब तक की सर्वश्रेष्ठ दूसरी तिमाही और अब तक की सबसे अधिक एवरेज सेलिंग प्राइस दर्ज करने में मदद की।

रिपोर्ट में कहा गया है कि एप्पल और सैमसंग ने ट्रेड-इन प्रोग्राम, बिना लागत वाली ईएमआई और सीमित अवधि के ग्रीष्मकालीन डिस्काउंट जैसी एग्रेसिव अफोर्डिबिलिटी पहलों के माध्यम से इस ट्रेंड का लाभ उठाया, जिससे प्रमुख डिवाइस महत्वाकांक्षी खरीदारों के लिए अधिक सुलभ हो गए। रिसर्च एनेलिस्ट शुभम सिंह ने कहा कि 2025 की दूसरी तिमाही के दौरान, ओईएम और चैनल दोनों ने कई बिक्री कार्यक्रमों का आयोजन किया, जिनमें समानांतर ऑफलाइन कार्यक्रम भी शामिल थे, जिससे कुछ ओईएम को मौजूदा इन्वेंट्री को खाली करने और नए लॉन्च को बढ़ावा देने में मदद मिली।

नथिंग की 2025 की दूसरी तिमाही में शिपमेंट में सालाना आधार पर 146 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जिससे यह लगातार छठी तिमाही में सबसे तेजी से बढ़ने वाला ब्रांड बन गया। यह उपलब्धि केवल नथिंग ने ही हासिल की है। यह वृद्धि नए लॉन्च किए गए सीएमएफ फोन 2 प्रो और ब्रांड के मजबूत खुदरा विस्तार प्रयासों के कारण हुई। वनप्लस के अल्ट्रा-प्रीमियम सेगमेंट में 2025 की दूसरी तिमाही में 75 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जो इसकी 13 और 13आर सीरीज के मजबूत प्रदर्शन के साथ-साथ नए लॉन्च किए गए कॉम्पैक्ट 13एस से शुरुआती गति के कारण हुई, जो ब्रांड के बढ़ते प्रीमियम पोर्टफोलियो को दर्शाता है।

RAGHAV PRODUCTIVITY ENHANCERS LTD.
(Formerly - Raghav Ramming Mass Ltd.)

**पंजीकृत कार्यालय : ऑफिस 36, चौथी मंजिल, सेंट्रल स्पाइन, अलंकार प्लाजा, विधाधर नगर, जयपुर - 302023**
**CIN : L27109RJ2009PLC030511**
Tel & Fax : 0141-2235760/761, E-mail : rammingmass@gmail.com, Website : www.rammingmass.com

**16 वीं वार्षिक साधारण सभा एवं रिमोट ई-वोटिंग की जानकारी**

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि :-

कंपनी अधिनियम, 2013 ('अधिनियम') के प्रावधानों व संबंधित नियमों के साथ ही सेबी (सूचीबद्धता अनिवार्यता एवं प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनिमय 2015 ('SEBI सूचीबद्धता विनिमय') सपठित आम परिपत्र संख्या 09/2024 दिनांक 19 सितम्बर 2024 एवं कंपनी मामलात मंत्रालय द्वारा इस संबंध में पूर्व में जारी परिपत्रों सहित भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड द्वारा जारी सेबी सर्कुलर नंबर SEBI/HO/CFD/CFD-POD-2/P/CIR/2024/133 दिनांक 3 अक्टूबर, 2024 ('सेबी परिपत्र') की अनुपालना में कंपनी की 16 वीं वार्षिक साधारण सभा सोमवार 25 अगस्त, 2025 को अपराह 2:00 बजे वार्षिक साधारण सभा की सूचना में अंकित विवरण अनुसार कार्यों के निष्पादन हेतु सामान्य स्थल पर सदस्यों की भौतिक उपस्थिति के बगैर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग (VC)/अन्य श्रव्य दृश्य माध्यम (OAVM) द्वारा आयोजित की जाएगी।

बैठक में प्रस्तावित साधारण और विशेष व्यवसाय को दर्शाने वाली 16वीं वार्षिक आम बैठक की सूचना, वित्त वर्ष 2024-25 के लिए कंपनी की वार्षिक रिपोर्ट के साथ, उन सभी सदस्यों को 29 जुलाई, 2025 को पहले ही भेज दी गई है जिनकी ईमेल आईडी शुक्रवार, 18 जुलाई, 2025 तक कंपनी/रजिस्ट्रार और ट्रांसफर एजेंट्स ('रजिस्ट्रार या आरटीए')/डिपॉजिटरी प्रतिभागियों (डीपी) के पास पंजीकृत थीं। सदस्यों को 16वीं वार्षिक आम बैठक बुलाने की सूचना और वार्षिक रिपोर्ट की भौतिक प्रतियां भेजने की आवश्यकता को ऊपर उल्लिखित एमसीए परिपत्रों और सेबी परिपत्रों के माध्यम से समाप्त कर दिया गया है।

उन सभी शेयरधारकों के लिए जिन्होंने पंजीकरण नहीं कराया है, वेब-लिंक प्रदान करने वाला एक पत्र, जिसमें सटीक पथ शामिल है, जहाँ वार्षिक रिपोर्ट का पूरा विवरण अर्थात उसका वेबलिंक और साथ ही एक क्यूआर कोड, कंपनी के पास उपलब्ध या डिपॉजिटरी से डाउनलोड किए गए डेटा से उपलब्ध उनके पते पर भेजा गया है।

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 108 के साथ कंपनी (प्रबंधन और प्रशासन) नियम, 2014 के नियम 20 और सेबी (सूचीबद्धता दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियम, 2015 के विनियम 44 के साथ एमसीए परिपत्र और सेबी परिपत्र के अनुसार, कंपनी बिगशेयर सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड ('बिगशेयर') के माध्यम से अपने सदस्यों को 16वीं वार्षिक आम बैठक में प्रस्तावित प्रस्तावों पर इलेक्ट्रॉनिक रूप से वोट देने के अपने अधिकार का प्रयोग करने के लिए ई-वोटिंग सुविधा प्रदान कर रही है।

1. इस संबंध में, सदस्यों को सूचित किया जाता है कि :

ए . 16वीं वार्षिक आम बैठक की सूचना में उल्लिखित साधारण और विशेष प्रस्तावों पर इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से मतदान किया जा सकता है।

बी. रिमोट ई-वोटिंग की अवधि गुरुवार, 21 अगस्त, 2025 को प्रातः 10:00 बजे (भारतीय मानक समय) से शुरू होगी और रविवार, 24 अगस्त, 2025 को सायं 5:00 बजे समाप्त होगी। रविवार, 24 अगस्त, 2025 को सायं 5:00 बजे के बाद रिमोट ई-वोटिंग की अनुमति नहीं होगी और बिगशेयर सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड द्वारा इसे निष्क्रिय कर दिया जाएगा।

सी. केवल वही व्यक्ति जिसका नाम सदस्यों के रजिस्टर या डिपॉजिटरी द्वारा बनाए गए लाभार्थी स्वामियों के रजिस्टर में कट-ऑफ तिथि अर्थात गुरुवार, 14 अगस्त, 2025 को दर्ज है, केवल वही 16वीं वार्षिक आम बैठक में रिमोट ई-वोटिंग या ई-वोटिंग की सुविधा का उपयोग करने का हकदार होगा। रिमोट ई-वोटिंग और वार्षिक आम बैठक में ई-वोटिंग के लिए विस्तृत प्रक्रिया 16वीं वार्षिक आम बैठक की सूचना में दी गई है।

डी. 16वीं वार्षिक आम बैठक में इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग प्रणाली के माध्यम से मतदान की सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी और जिन सदस्यों ने रिमोट ई-वोटिंग के माध्यम से अपना वोट नहीं डाला है और जो वीसी/ओएवीएम के माध्यम से वार्षिक आम बैठक में उपस्थित हैं, वे वार्षिक आम बैठक में ई-वोटिंग के माध्यम से मतदान करने के पात्र होंगे।

इ. एक बार किसी प्रस्ताव पर सदस्य द्वारा मतदान कर दिए जाने के बाद, सदस्य को बाद में अपना मत बदलने की अनुमति नहीं होगी। इसके अतिरिक्त, जिन सदस्यों ने वार्षिक आम बैठक से पहले रिमोट ई-वोटिंग के माध्यम से अपना वोट डाला है, वे भी वीसी/ओएवीएम के माध्यम से वार्षिक आम बैठक में उपस्थित हो सकते हैं, लेकिन बैठक में दोबारा अपना वोट डालने के हकदार नहीं होंगे।

एफ. निदेशक मंडल ने श्री संदीप कुमार जैन, प्रैक्टिसिंग कंपनी सचिव व मैसर्स आर्म्स एंड एसोसिएट्स एलएलपी के नामित पार्टनर, को 16वीं एजीएम में मतदान और रिमोट ई-वोटिंग प्रक्रिया की निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से जांच करने के लिए स्क्रूटिनाइज़र नियुक्त किया है।

जी. 16वीं एजीएम की सूचना और वित्तीय वर्ष 2024-25 की वार्षिक रिपोर्ट कंपनी की वेबसाइट www.rammingmass.com, बीएसई लिमिटेड की वेबसाइट www.bseindia.com, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड की वेबसाइट www.nseindia.com और बिगशेयर सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड की वेबसाइट https://ivote.bigshareonline.com पर भी उपलब्ध होगी।

एच. यदि शेयरधारकों/निवेशकों के पास ई-वोटिंग के संबंध में कोई प्रश्न हैं, तो वे https://ivote.bigshareonline.com पर ईमेल लिख सकते हैं या टोल फ्री नंबर 1800 22 54 22. पर संपर्क कर सकते हैं। वैकल्पिक रूप से, सदस्य किसी भी प्रश्न/जानकारी के लिए कंपनी को cs@rammingmass.com पर ईमेल भी कर सकते हैं।

आई. ई-वोटिंग के परिणाम की सूचना ई-वोटिंग की समाप्ति से 2 कार्यदिवसों के भीतर बीएसई लिमिटेड और एनएसई, जहाँ कंपनी के इक्विटी शेयर सूचीबद्ध हैं, को दी जाएगी। परिणाम कंपनी की वेबसाइट www.rammingmass.com और स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट www.bseindia.com व www.nseindia.com पर भी अपलोड किए जाएँगे।

जे. 16वीं एजीएम की सूचना के साथ वार्षिक रिपोर्ट 2024-25 देखने के लिए कृपया नीचे क्यूआर कोड देखें

राघव प्रोडक्टिविटी एनहैंसर्स लिमिटेड के लिए
बोर्ड के आदेश से

हस्ताक्षर/-
नेहा राठी
(कंपनी सचिव एवं अनुपालना अधिकारी)
M.No : A38807

दिनांक : 30 जुलाई 2025
स्थान : जयपुर

- 486 669, (Madhya Pradesh)
ndia)
994PLC04 2920

## ANCIAL RESULTS FOR

(Rs. in Lakhs Except Earning Per Share)

| | | | |
|---|---|---|---|
| Consolidated | | | |
| Quarter Ended | | | Year Ended |
| 5 | 31.03.2025 | 30.06.2024 | 31.03.2025 |
| d | Audited | Unaudited | Audited |
| 88 | 136,667 | 177,906 | 570,755 |
| 81 | 20,092 | 58,775 | 121,561 |
| 81 | 20,092 | 58,775 | 121,561 |
| 13 | 15,567 | 34,854 | 81,355 |
| 14 | 15,558 | 34,858 | 81,357 |
| 46 | 685,346 | 685,346 | 685,346 |
| | | | 162,221 |
| .31 | 0.15 | 0.40 | 0.89 |
| .31 | 0.15 | 0.40 | 0.89 |

3 of the SEBI (Listing Obligations and Other Disclosure
com & **www.nseindia.com** and also on the Company's

For and on behalf of the Board

Sunil Kumar Sharma
Vice Chairman
DIN 00008125


FOR
DAILY
BUSINESS

L EXPRESS
Read to Lead


hours during the working days (10 AM to 5 PM). **4**The highest bid shall be subject to approval of IndusInd Bank Limited. Authorised Officer reserves the right to accept / reject all or any of the offers / bids so received without assigning any reasons whatsoever. His decision shall be final & binding. **5.**In case of any default of respective payment within the stipulated period, the sale will automatically stand revoked and the entire deposit made by the bidder together with the earnest money shall be forfeited without any notice and the property(ies) shall be resold. The defaulting bidder shall not have the recourse / claim against the Bank / Authorised Officer. **6.**For detailed terms and conditions refer to the Bank's website **www.indusind.comandwww.bankeauctions.com.**

**STATUTORY 15 DAYS SALE NOTICE UNDER RULE 8(6) & RULE 9(1) OF THE SARFAESI ACT, 2002**

The borrower / guarantors /mortgagors are hereby notified to pay the sum as mentioned above along with upto date interest and ancillary expenses before the date of e-Auction, falling which the property will be auctioned / sold and balance due, if any, will be recovered with interest and cost.

**Date: 31.07.2025** **Place: Agra (UP) and Delhi** ***Authorised Officer, IndusInd Bank Ltd.***

**RAGHAV PRODUCTIVITY ENHANCERS LTD.**
(Formerly - Raghav Ramming Mass Ltd.)

**Registered Office: Office No. 36, 4th Floor, Alankar Plaza, Central Spine, Vidyadhar Nagar, Jaipur, Rajasthan- 302023**
**CIN: L27109RJ2009PLC030511 • Phone: +91 141 2235760-61**
**Email: rammingmass@gmail.com • Web: www.rammingmass.com**

## NOTICE OF 16th ANNUAL GENERAL MEETING AND REMOTE E-VOTING INFORMATION

Notice is hereby given that:-

The 16th Annual General Meeting ("AGM") of the Company will be held on Monday, 25th August, 2025 at 2:00 P.M. through Video Conference(VC)/ other Audio Visual Means (OVAM) to transact business as detailed in the Notice convening the Annual General Meeting provisions of the Companies Act, 2013 ("Act") and rules made thereunder, the Securities and Exchange Board of India (Listing Obligations and Disclosures Requirements) Regulations, 2015 read with General Circular No. 09/2024 dated September 19, 2024 and earlier circulars issued in this regard by the Ministry of Corporate Affairs ('MCA Circulars') and SEBI Circular No. SEBI/HO/CFD/CFD-PoD-2/P/CIR/2024/133 dated October 3, 2024 issued by Securities and Exchange Board of India ('SEBI Circular'), without the physical presence of the members at a common venue. Members participating through VC/OAVM facility shall be reckoned for the purpose of quorum under section 103 of the Act.

The Notice of the 16th AGM setting out the Ordinary and Special Business proposed to be transacted at the meeting together with the Annual Report of the company for the FY 2024-25 have already been mailed to all the members on July 29, 2025 whose Email IDs were registered with the Company/ Registrar and Transfer Agents ("Registrar or RTA")/ Depository Participants (DPs) as on Friday, July 18, 2025. The requirement of sending the physical copies of the Notice convening 16th AGM and Annual report to the members has been dispensed vide MCA Circulars and SEBI Circulars mentioned above.

For all those shareholders who have not so registered, a letter providing the web-link, including the exact path, where complete details of the Annual report i.e. excat weblink of the same as well as a QR Code, has been sent at their addresses with the company or available from the data downloaded from the depositories.

Pursuant to Section 108 of the Companies Act, 2013 read with Rule 20 of the Companies (Management and Administration) Rules, 2014 and Regulation 44 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015 read with MCA Circulars and SEBI Circular, the company is providing E-voting facility to its members through Bigshare Services Private Limited ("Bigshare") to exercise their right to vote electronically on resolutions proposed to be transacted at the 16th AGM.

**In this regards, the members are hereby further informed that:**

a. The Ordinary and Special Business as set out in the notice of 16th AGM may be transacted through voting by electronic means.
b. The remote e-voting period shall start at Thursday, August, 21, 2025 at 10:00 A.M. (IST) and ends on Sunday, August 24, 2025 at 5:00 P.M. The remote e-voting shall not be allowed after Sunday, August 24, 2024 at 5:00 P.M. and the same will be disabled by Bigshare Services Private Limited
c. A person whose name is recorded in the Register of Members or in the register of beneficial owners maintained by the depositories as on the cut-off date i.e. Thursday August 14, 2025 only shall be entitled to avail the facility of remote e-voting or e-voting at the 16th AGM. The detailed process of remote e-voting and e-voting at the AGM is given in the Notice of 16th AGM.
d. The facility for voting through electronic voting system shall also be made available at the 16th AGM and the members who have not cast their vote through remote e-voting and are present in the AGM through VC/ OAVM, shall be eligible to vote through e-voting at the AGM
e. Once the vote on a resolution is cast by the Member, the Member shall not be allowed to change the vote subsequently. Further Members who have cast their vote through remote e-voting prior to AGM may also attend the AGM through VC/ OAVM, but shall not be entitled to cast their vote again at the meeting.
f. The Board of Directors has appointed Mr. Sandeep Kumar Jain, Designated Partner of M/s Arms & Associates LLP, Practicing Company Secretary as Scrutinizer to scrutinize the voting at the 16th AGM and remote e-voting process, in a fair and transparent manner.
g. The notice of the 16th AGM and Annual Report for Financial Year 2024-25 will also be available on the website of the company at www.rammingmass.com , BSE Limited i.e. www.bseindia.com and National Stock Exchange of India Ltd. i.e. www.nseindia.com and on the website of Bigshare Services Private Limited at https://ivote.bigshareonline.com.
h. In case shareholders/ investor have any queries regarding E-voting, can write an email to https://ivote.bigshareonline.com or contact at toll free no. 1800 22 54 22. Alternatively, the Members may also write an e-mail to the Company at cs@rammingmass.com for any queries/ information.
i. The result of e-voting shall be intimated to BSE Limited & NSE, where the equity shares are listed, within period of 2 working days from the conclusion of e-voting. The results would also be uploaded on the website of the Company at www.rammingmass.com and the stock exchange at www.bseindia.com www.nseindia.com
j. Please find below QR code to view Annual report 2024-25 along with Notice of 16th AGM

**Place : Jaipur**
**Date : 30.07.2025**

**By order of the Board**
**For Raghav Productivity Enhancers Limited**
**Sd/-**
**Neha Rathi**
**(Company Secretary)**
**M. No.: A38807**